# कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :–भ्रनिब्यूरो/सामान्य /2024–25/ 1195-98 दिनांकः– 18.07.2024

**सीमित बोली आमंत्रण सूचना– 03/2024–25**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर द्वारा एक वर्ष के लिये ब्यूरो मुख्यालय एवं ब्यूरो के नवीन भवन स्थित विभिन्न यूनिट्स में स्थापित कम्प्यूटर्स के वार्षिक रखरखाव (AMC) हेतु जी.एस.टी. पंजीकृत फर्मों से निम्नलिखित प्रकार से सीमित बोली आमन्त्रित की जाती है:–

| क्र0 सं | विवरण | अनुमानित लागत रू | निविदा प्रपत्र शुल्क | बोली प्रतिभूति | निविदा प्रपत्र जमा करवाने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोले जाने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ब्यूरो मुख्यालय एवं ब्यूरो के नवीन भवन स्थित विभिन्न यूनिट्स में स्थापित कम्प्यूटर्स का वार्षिक रखरखाव (Comprehensive AMC) कार्य | 190000/– | 200/– | 3800/– | 31.07.2024 01.00 पी.एम. | 31.07.2024 03.00 पी.एम. |

इच्छुक बोलीदाता/फर्मे कॉलम सं 6 में अंकित समय तक अपनी निविदाएं पृथक– पृथक सीलंबन्द लिफाफों में भंडार शाखा, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय, जे–9, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी जयपुर में प्रस्तुत करें। निविदा प्रपत्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय भंडार अनुभाग से प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा https://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर प्रस्तुत की जा सकती है। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जावेंगी।

18/7/24

पुलिस अधीक्षक– प्रशासन
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
राजस्थान, जयपुर

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– समस्त सदस्य, उपापन समिति।
2– प्रभारी, लेखा शाखा, भ्रनिब्यूरो,जयपुर
3– प्रोग्रामर, कम्प्यूटर शाखा, भ्रनिब्यूरो,जयपुर को भेजकर लेख है कि निविदा को विभागीय वेबसाईट एवं एसपीपीपी पोर्टल पर अविलम्ब अपलोड करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें ।
4– नोटिस बोर्ड मुख्यालय ।

पुलिस अधीक्षक– प्रशासन

कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,राजस्थान,जयपुर ।

# <u>निविदा प्रपत्र</u>

तकनीकी एवं वित्तीय निविदाएं पृथक– पृथक लिफाफों में दिनांक 31.07.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक भंडार शाखा, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय, जे–9, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी जयपुर में प्रस्तुत करें। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जावेंगी।

प्राप्त निविदाएं उसी दिनांक सायं 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

**Annexure A**

## निविदा की सामान्य शर्ते एवं नियम

निविदादाताओं को इन शर्तों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं अपनी निविदाऐं भेजते समय इनकी पूर्णरूपेण पालना करते हुऐ अपनी निविदाऐं प्रस्तुत करनी होगी ।

(ए) :– पात्रता (....Eligibility.) :–

1. वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीयन हो (प्रमाण पत्र संलग्न करें) ।
2. आयकर (पेन नं0) हो ( प्रति संलग्न करें)।
3. फर्म को केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/ पी.एस.यू. आदि से संबंधित कार्यालयों में संबंधित कार्य का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक होगा। **(अनुभव/संतोषजनक सेवा का प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2019–20 से वर्तमान तक की अवधि में न्यूनतम 3 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण होनी चाहिये। (संतोषजनक सेवा का प्रमाण पत्र संबंधित विभाग से प्राप्त कर निविदा के साथ संलग्न करना होगा। कार्यादेश को अनुभव के प्रमाण के रूप में नहीं माना जावेगा )**
4 फर्म के पास विगत 3 वर्षों में राशि रू. 4.00 लाख एवं अधिक का वार्षिक टर्न ओवर (प्रतिवर्ष) होना आवश्यक है। प्रमाण स्वरूप विगत 3 वर्ष का सीए द्वारा प्रमाणित टर्नओवर प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

(बी) :–सामान्य शर्ते :–

1. निविदादाता को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार उचित लिफाफे में निविदा प्रस्तुत करनी होगी।
2. निविदाएं दो अलग–2 लिफाफों में प्रस्तुत की जावेगी। प्रथम लिफाफा तकनीकी बिड तथा दूसरा वित्तीय बिड के लिए होगा।

3. **प्रथम लिफाफे (तकनीकी निविदा) में निम्न प्रपत्र रखे जायंगे :–**

ए – वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण प्रमाण पत्र

बी –आयकर (पेन नं0) की प्रति

सी –(अनुभव/संतोषजनक सेवा का प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2019–20 से वर्तमान तक की अवधि में न्यूनतम 3 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण होनी चाहिये। (संतोषजनक सेवा का प्रमाण पत्र संबंधित विभाग से प्राप्त कर निविदा के साथ संलग्न करना

होगा। कार्यादेश को अनुभव के प्रमाण के रूप में नहीं माना जावेगा )

डी– मूल निविदा प्रपत्र एवं शर्तें (Annexure A) एवं तकनीकी निविदा प्रपत्र (Annexure B) जिस पर निविदादाताओं के हस्ताक्षर मय मुहर हों।

ई– विगत 3 वर्ष का सीए द्वारा प्रमाणित टर्नओवर प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

एफ– बोली प्रतिभूति के रूप में राशि रू. 3800/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ बैंकर्स चैक। पुलिस अधीक्षक– प्रशासन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान जयपुर के नाम से बनवाकर तकनीकी बिड के साथ संलग्न करना होगा।

जी– निविदा प्रपत्र शुल्क राशि 200/–का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक (यदि निविदा प्रपत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर प्रस्तुत किये गये हैं। )

4 **द्वितीय लिफाफे में केवल वित्तीय बिड** (Annexure C) **होगा** जिसमें निविदादाता को अपनी दरें अंकित करनी होंगी।

5 दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में जिस पर **"** ब्यूरो मुख्यालय एवं ब्यूरो के नवीन भवन स्थित विभिन्न यूनिट्स में स्थापित कम्प्यूटर्स के वार्षिक रखरखाव (Comprehensive AMC) **हेतु निविदा"** लिखा हो, बन्द कर निविदा पुलिस अधीक्षक–प्रशासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर के नाम से दिनांक 31.07.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक भंडार अनुभाग, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय, जे–9, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी जयपुर में प्रस्तुत करनी होगी। देरी से प्राप्त निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

6 प्राप्त निविदाएं दिनांक 31.07.2024 को 3.00 बजे पुलिस अधीक्षक–प्रशासन भ्र0नि0 ब्यूरो, जयपुर द्वारा अधिकृत समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। सर्वप्रथम तकनीकी बिड का लिफाफा खोला जावेगा जिसकी समिति द्वारा जांच की जावेगी। जांच के उपरान्त जो निविदादाता तकनीकी बिड में योग्य पाये जायेगे, उनकी वित्तीय बिड खोली जावेगी जिसकी सूचना सफल निविदादाता को पृथक से भिजवा दी जावेगी।

7 सफल निविदादाता को कार्य आदेश के जारी करने के सात दिन में 500/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा। ऐसा नही करने पर उनकी दरें निरस्त कर दी जावेगी।

8 कार्य की व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक–प्रशासन, भ्रनिब्यूरो, जयपुर द्वारा दिये गये समस्त आदेशों की पालना संवेदक को करनी होगी तथा बिना किसी विवाद के कार्य करना होगा

9 संविदा की अवधि में यदि कोई विवाद उत्पन्न हो गया तो उस विवाद पर पुलिस अधीक्षक–प्रशासन, भ्रनिब्यूरो, जयपुर का निर्णय अन्तिम होगा।

10 किसी प्रकार का विवाद होने पर समस्त कानूनी कार्यवाही किसी भी पक्ष (सरकार एवं संविदाकार) द्वारा संशय किये जाने की आवश्यकता होने पर न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा ।

11 न्यूनतम दरों को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार पुलिस अधीक्षक–प्रशासन, भ्र0नि0 ब्यूरो जयपुर को होगा।

12 संविदा की अवधि अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार एक वर्ष की होगी।
13 रखरखाव कार्य फर्म के प्रशिक्षित सर्विस इंजीनियरों द्वारा किया जावेगा।
14 सेवा प्रदाता फर्मों द्वारा निविदा प्रस्तुत किये जाने से पूर्व कार्यालय समय में कार्य का निरीक्षण किया जा सकता है।
15 उक्त समस्त मशीनों की मरम्मत एवं सर्विस का कार्य शिकायत अनुसार विभाग में तुरंत उपस्थित होकर करना होगा।
16 उपकरण विभाग के निर्देशानुसार आवश्यकता होने पर ही बदला जावेगा।
17 निविदा में प्रस्तुत दरें मय समस्त व्यय एवं कर सहित प्रस्तुत की जावे।
18 मरम्मत के दौरान उपकरणों को यदि कोई क्षति होती है तो इसके लिये स्वयं निविदादाता उत्तरदायी होगा।
19 कार्य संतोषप्रद होने पर ही भुगतान किया जावेगा।
20 Original Parts (उसी कम्पनी के) लगाने होंगे। बदले गये पार्ट्स ब्यूरो में जमा करवाने होंगे।
21 आर.टी.पी.पी. अधिनियम एवं नियमों से संबंधित समस्त प्रावधान एवं समस्त राजकीय आदेश उक्त निविदा पर लागू होंगे।
**22 ब्यूरो मुख्यालय के प्रशासनिक भवन एवं नवीन भवन में उक्त कार्य से संबंधित Basic Infrastructure निम्न प्रकार से है:–**

1. **Desktop Dell Inspiron/ Optiplex (17 Nos)**
2. **Desktop HP MT Business Series (33 Nos)**
3. **Desktop Acer veriton Old/New version (36 Nos)**
4. **Desktop Enter/HCL/Lenevo/Zebronix (33 Nos)**

**Total Quantity 119**

**उक्तानुसार Basic Infrastructure के अनुसार ही Comprehensive AMC हेतु दरें प्रस्तुत की जावें। एएमसी में उक्त आइटमों की मरम्मत, रखरखाव एवं आवश्यक Replacement, New Parts आदि सम्मिलित है।**

**23 Scope of Work Under AMC:–** The Annual Maintenance Contract (AMC) shall cover:-

Upkeep and maintenance of the hardware and installed software. Reloading of licensed operating systems, application software, data retrieval, data back-up, virus cleaning and repair and replacement of hardware of all parts and accessories installed in the CPU and Monitoring. In other words, all components, ports and connecting cables shall comprise the hardware and all operating systems, application software, data retrieval, data back-up, virus removal software, etc. shall comprise the software for the purpose of this AMC. Components and parts that may not have been expressly mentioned here but which are provided by the manufacturer as standard original equipment of the computer shall be treated as hardware/software of the computer for the purpose of the AMC. Any other maintenance work to be undertaken related to the computers/peripherals.

Preventive maintenance under AMC will include virus detection to support maintain VIRUS free computer environment in organisation and special cleaning of the CPU,Monitor, Key Board, mouse etc. from outside with liquid cleaner and inside will be carried out on quarterly basis.

24 बिन्दु सं 22 के अनुसार वर्तमान में स्थापित Infrastructure में 10 प्रतिशत तक कमी/वृद्धि होने पर उसे निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरों में सम्मिलित समझा जावेगा एवं इसके लिये कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा। अतः उक्तानुसार ही दरें प्रस्तुत की जावे।

25. उक्त दर अनुबन्ध कार्यादेश से 1 वर्ष के लिये होगा, परन्तु विभाग अनुबंध को 15 दिवस पूर्व नोटिस देकर कभी भी समाप्त कर सकेगा।

26 कार्य से संबंधित समस्त उपकरणों के परिवहन हेतु किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

27 कम्प्यूटर आदि की अच्छी कार्यकुशलता बनाए रखने के लिये उनके हार्डवेयर एवं सोफ्टवेयर संबंधी रखरखाव कार्य उन उपकरणों के विनिर्माताओं द्वारा निर्धारित विनिर्देशों/मापदण्डों के अनुसार किया जावेगा। खराब पार्ट्स को विनिर्माता कम्पनी द्वारा **Recommended** उपकरणों से ही बदला जावेगा।

28 कम्प्यूटर आदि खराब होने की स्थिति में यथाशीघ्र (अधिकतम एक दिवस) में उपकरण सही करना होगा। इससे अधिक समय लगने की स्थिति में समकक्ष या उच्च गुणवत्ता का स्टैंडबाई उपकरण लगाना होगा, जिसका कोई अतिरिक्त भुगतान नही किया जावेगा। 7 दिवस के पश्चात विभाग द्वारा राशि रू. 100/– प्रतिदिन दण्ड स्वरूप वसूल किये जावेंगे।

29 सफल निविदादाता को कार्यालय समय में एक कुशल सर्विस इन्जीनियर ब्यूरो मुख्यालय पर उपलब्ध करवाना होगा, ताकि आवश्यकता पडने पर तत्समय ही कार्य करवाया जा सके।

30 पुराने एवं खराब पार्ट को बदलने पर इसकी जानकारी प्रभारी भंडार को देनी होगी तथा बदला गया पार्ट ब्यूरो मुख्यालय स्टोर में जमा करवाना होगा।

31 सफल निविदादाता एवं उसके कार्मिक को मर्यादित एवं गरिमामय आचरण बनाए रखना होगा।

32 सफल निविदादाता को प्रत्येक माह की 5 तारीख तक बिल 3 प्रतियों में भंडार अनुभाग में प्रस्तुत करना होगा। बिल के साथ मेंटेंनेंस रिपोर्ट जो संबंधित शाखा प्रभारी से विधिवत अनुप्रमाणित हो, संलग्न करनी होगी।

पुलिस अधीक्षक–प्रशासन,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
राजस्थान,जयपुर ।

मैने /हमने उपरोक्त शर्तो को ध्यान पूर्वक पढकर अच्छीतरह से समझ लिया है एवम् प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर दिये हैं तथा समस्त शर्तो के पालन हेतु सहमत हूँ /हैं ।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर
(निविदा की समस्त शर्ते स्वीकार करने के प्रमाण स्वरुप)

**Annexure B**

# कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,राजस्थान,जयपुर ।

## —: तकनीकी बिड :—

1— बोलीदाता/संवेदक का नाम :.........................................................
2— डाक का पता...........................................................................
3— फोन/मोबाईल नं0........................................................................
4— ई—मेल.......................................................................................
5— बैंक का नाम ..............................................................................
आई.एफ.एस.सी. कोड........................................................................
बैक खाता सं0..................................................................................
7—बोलीदाता/संवेदक द्वारा निम्नलिखित दस्तावेजों का विवरण निर्धारित कॉलम्स में प्रस्तुत किया जावेगा तथा समस्त दस्तावेजों की स्व हस्ताक्षरित प्रति तकनीकी बिड के साथ लगानी होंगी :—

| क्र0 सं0 | विवरण | हाँ | नहीं |
|---|---|---|---|
| 1 | वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रमाण पत्र संलग्न ) | | |
| 2 | आय कर (पेन नं0) प्रति संलग्न | | |
| 3 | अनुभव/संतोषजनक सेवा का प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2019—20 से वर्तमान तक की अवधि में न्यूनतम 3 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण होनी चाहिये। संतोषजनक सेवा का प्रमाण पत्र संबंधित विभाग से प्राप्त कर निविदा के साथ संलग्न करना होगा। प्रमाण पत्र संलग्न। | | |
| 4 | विगत 3 वर्ष का सीए द्वारा प्रमाणित टर्नओवर प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। | | |
| 5 | मूल निविदा प्रपत्र/तकनीकी निविदा प्रपत्र एवं शर्तो पर हस्ताक्षर | | |
| 6 | बोली प्रतिभूति के रूप में राशि रू. 3800/— का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ बैंकर्स चैक संलग्न<br>निविदा प्रपत्र शुल्क राशि 200/—का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक (यदि निविदा प्रपत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर प्रस्तुत किये गये हैं। ) | | |
| 7 | निविदा प्रपत्र शुल्क राशि 200/—का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक (यदि निविदा प्रपत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर प्रस्तुत किये गये हैं। ) | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर

Annexure C

## कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,राजस्थान,जयपुर ।

### –: वित्तीय बिड :–

1– बोलीदाता/संवेदक का नाम :..............................................................
2– डाक का पता..........................................................................................
3– फोन/मोबाईल नं0........................................................................................
4– ई–मेल..........................................................................................................
5– बैंक का नाम ............................................................................................
आई.एफ.एस.सी. कोड........................................................................................
बैक खाता सं0....................................................................................................
7–बोलीदाता/संवेदक द्वारा निम्नलिखित दस्तावेजों का विवरण निर्धारित कॉलम्स में प्रस्तुत किया जावेगा

| क सं | कार्य का नाम | वार्षिक दर (राशि रू.) मय समस्त व्यय एवं कर |
|---|---|---|
| 1 | ब्यूरो मुख्यालय एवं ब्यूरो के नवीन भवन स्थित विभिन्न यूनिट्स में स्थापित कम्प्यूटर्स का वार्षिक रखरखाव (Comprehensive AMC)कार्य (निविदा की शर्त संख्या 22, 23 एवं 24 के अनुसार ही दरें प्रस्तुत की जावें। ) | |

निविदादाता के हस्ताक्षर